**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**11.12.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2736 का उत्तर**

**रेलवे में अराजपत्रित कर्मचारियों की भर्ती**

**2736. श्री सचिदानन्दम आर.:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या रेलवे ने रेल यात्रियों की सुरक्षित यात्रा और युवाओं के लिए रोजगार के सृजन हेतु अराजपत्रित कर्मचारियों की भर्ती के लिए पर्याप्त उपाय किए हैं;**

**(ख) यदि हां, तो इस संबंध में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): आकार, स्थानिक वितरण और परिचालनिक स्थिति को देखते हुए भारतीय रेल में पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। नियमित परिचालनों, प्रौद्योगिकी में परिवर्तनों, यांत्रिकीकरण और नवोन्मेष पद्धतियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति प्रदान की जाती है। रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक एंव प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं के अनुसार रेलवे द्वारा भर्ती एजेंसियों को मांग-पत्र भेजकर भरा जाता है।**

कोविड-19 के कारण लागू प्रतिबंधों में ढील देने के बाद, दो बड़ी परीक्षाओं जिनमें 2.37 करोड़ से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया, का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है।

| परीक्षा | विद्यार्थी | शहर | क्रेंद | दिन | पाली |
|---|---|---|---|---|---|
| एल2-एल6 | 1.26 करोड़ | 211 | 726 | 68 | 133 |
| एल1 | 1.1 करोड़ | 191 | 551 | 33 | 99 |

इन परीक्षाओं के आधार पर, रेलों में 1,30,581 अभ्यर्थियों की भर्ती की गई है।

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं जिनमें बड़े पैमाने पर लोगों और संसाधनों को जुटाना तथा जनशक्ति को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होती है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों को पार किया और सभी निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती का सफलतापूर्वक संचालन किया। पूरी प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक होने अथवा इसी तरह के कदाचार की कोई घटना सामने नहीं आई है।

2004-2014 की तुलना में 2014-2024 के दौरान भारतीय रेलों में की गई भर्तियां निम्नानुसार हैं:-

| अवधि | भर्तियां |
|---|---|
| 2004-2014 | 4.11 लाख |
| 2014-2024 | 5.02 लाख |

इसके अलावा, प्रणालीगत सुधार के तौर पर, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए वर्ष 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर की शुरुआत करने से अभ्यर्थियों को निम्नानुसार लाभ होगा:

- अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर;
- प्रतिवर्ष पात्रता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अवसर;
- परीक्षाओं की निश्चितता;
- भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी।

**तदनुसार, जनवरी से अक्टूबर 2024 के दौरान सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, उप-निरीक्षक, रेल सुरक्षा बल में कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर/डिपो सामग्री अधीक्षक /रासायनिक और धातुकर्म सहायक, परामेडिकल श्रेणियों, गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (स्नातक) और गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (पूर्वस्नातक) के पदों को भरने हेतु 58,642 रिक्तियों के लिए आठ केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई हैं। कंप्यूटर आधारित परीक्षा 25.11.2024 से शुरू कर दी गई हैं।**

*****